महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्तशासी संस्था)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous Organization under Ministry of Education, Govt. of India)

17-3/2026(प्र/वि)/मसारावेविप्र/2057 — दिनांक 02-07-2026

अधिसूचना

विषय : प्रतिष्ठान से संबद्ध अनुदान बंद हो चुकी वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के विद्यार्थियों के प्रतिष्ठान से संबद्ध अनुदानित वेद पाठशालाओं/गुरु शिष्य परंपरा इकाइयों में प्रवेश एवं छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने के संबंध में।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेद पाठशालाएँ एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयाँ, जिनका अनुदान किसी कारणवश बंद हो चुका है, उनमें अध्ययनरत ऐसे छात्र जिन्हें छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही थी और जो अपना वेदाध्ययन निरंतर जारी रखना चाहते हैं, वे अपने निकट स्थित प्रतिष्ठान से अनुदानित एवं सम्बद्ध वेद पाठशाला अथवा गुरु-शिष्य परम्परा इकाई में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं । संबंधित अनुदानित वेद पाठशाला/गुरु-शिष्य परम्परा इकाई द्वारा ऐसे छात्रों को प्रवेश प्रदान कर उनकी जानकारी आवश्यक अभिलेखों सहित प्रतिष्ठान को प्रेषित की जाएगी।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि ऐसे विद्यार्थियों के प्रवेश के उपरांत किसी अनुदानित वेद पाठशाला अथवा गुरु-शिष्य परम्परा इकाई में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या निर्धारित सीमा 10 से अधिक हो जाती है, तब भी उन पाठशालाओं/गुरु-शिष्य परंपरा इकाइयों को उन छात्रों की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी ।

2.7.26

(संजय श्रीवास्तव)
सहायक निदेशक

प्रतिलिपि:

1. समस्त संबद्ध अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों को सूचनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर प्रकाशित ।
2. कार्यालय आदेश पत्रावली ।

Tele : 0734-2502266, 2502254, 2502255 Fax : 0734-2502266
E-mail :msrvvpujn@gmail.com Website : msrvvp.ac.in